# अध्याय - 2 संविधान निर्माण

## स्मरणीय तथ्य

- संविधान लिखित नियमों की एक ऐसी किताब है जिसे उस देश में रहने वाले लोग सामूहिक रूप से मानते है। संविधान देश का सर्वोच्च कानून होता है ।
- संविधान लोगों के बीच आपसी सम्बन्ध तथा लोंगों और सरकार के बीच के सम्बन्ध तय करता है ।
- संविधान की आवश्यकता होती है :-
    - लोकतान्त्रिक सरकार का निर्माण और उसके कार्य तय करने के लिए ।
    - सरकार के विभिन्न अंगो के अधिकार क्षेत्र तय करने के लिए।
    - सरकार को अपनी शक्तियों के दुरूपयोग से रोकने के लिए।
    - नागरिकों के अधिकार सुरक्षित करने के लिए ।
    - अच्छे समाज के गठन के लिए ।
- रंगभेद-नस्ली भेदभाव पर आधारित व्यवस्था थी, जो दक्षिण अफ्रीका में विशिष्ट तौर पर चलायी गई, दक्षिण अफ्रीका पर यह व्यवस्था यूरोप के गोरे लोगों के द्वारा शुरू की गई थी।
- दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद :- 17वीं और 18वीं शताब्दी में व्यापार करने आई यूरोप की कम्पनियों ने, दक्षिण अफ्रीका को गुलाम बनाया और काफी बड़ी संख्या में यहाँ गोरे लोग बस गए और यहाँ के स्थानीय काली चमड़ी वाले लोगों के साथ रंगभेद नीति शुरू कर दिया।
- रंगभेद की नीति के अंतर्गत अश्वेतों पर कई प्रतिबंध थे –
    - अश्वेतों को गोरो की बस्तियों में बसने की इजाजत नहीं थी। वहाँ जाने के लिए परमिट जारी किया जाता था।
    - काले लोग गोरों के लिए आरक्षित स्थानों पर नहीं जा सकते थे। इसमें गोरों के गिरजा घर भी सम्मिलित थे।
    - अश्वेतों को संगठन बनाने और इस भेदभावपूर्ण व्यवहार का विरोध करने का भी अधिकार नहीं था।
- दक्षिण अफ्रीकी नेता नेल्सन मंडेला ने रंगभेद से चलने वाली शासन की व्यवस्था के विरुद्ध आवाज उठाई।
- नेल्सन मंडेला पर देशद्रोह के आधार पर मुकदमा चलाया गया । नेल्सन मंडेला को सात अन्य अफ्रीकी नेताओं सहित 1964 ई. में देश में रंगभेद से चलने वाली शासन व्यवस्था का विरोध करने के लिए आजीवन कारावास की सजा दी गई। वह 28 वर्षों तक दक्षिण अफ्रीका की सबसे भयावह जेल, रोब्बेन द्वीप की जेल में कैद रहे ।
- नेल्सन मंडेला द्वारा लिखित आत्मकथा का नाम 'द लाँग वाक टू फ्रीडम' है ।
- दक्षिण अफ्रीका में स्वतंत्रता संग्राम :- अफ्रीकी नेशनल कांग्रेस के झंडे तले दक्षिण अफ्रिकियों ने 1950 ई. से ही गोरों के विरुद्ध आजादी की लड़ाई लड़ी,आखिरकार 26 अप्रैल 1994 ई. को दक्षिण अफ्रीका गणराज्य का नया झंडा लहराया, और यह दुनिया का नया लोकतांत्रिक देश बन गया ।
- संविधान के प्रमुख कार्य :-
    - साथ रह रहे विभिन्न तरह के लोगों के बीच जरूरी भरोसा और सहयोग विकसित करना ।
    - स्पष्ट करना कि सरकार का गठन कैसे होगा और किसे फैसले लेने का अधिकार होगा।
    - सरकार के अधिकारों की सीमा तय करना और नागरिकों के अधिकार बताना।
    - अच्छे समाज के गठन के लिए लोगों की आकांक्षाओं को व्यक्त करना।
- भारतीय संविधान का निर्माण :-
    - भारत जैसे विशाल व विविधता भरे देश के लिए संविधान बनाना आसान नहीं था ।
    - 1858 ई. के बाद से ब्रिटिश सरकार ने भारत सरकार के लिए कई अधिनियम पारित किए, लेकिन भारतीय आकांक्षाओं को पूरा नहीं कर सके।
- 1928 ई. में मोतीलाल नेहरू और कांग्रेस के आठ अन्य नेताओं ने भारत का संविधान लिखा था।
    - 1931 ई. में कराची में हुए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिवेशन में आजाद भारत का संविधान की रूपरेखा रखी गई थी।
    - इन दोनों ही दस्तावेजों में स्वतंत्र भारत के संविधान में सार्वभौम वयस्क मताधिकार, स्वतन्त्रता और समानता का अधिकार और अल्पसंख्यकों के अधिकारों की बात भी कही गयी थी।
- संविधान सभा :- चुने गए जनप्रतिनिधियों की वो सभा जो संविधान नामक विशाल दस्तावेज़ को लिखने का काम करती है, उसे संविधान सभा कहते हैं ।
- भारतीय संविधान सभा :-
    - भारतीय संविधान सभा के लिए जुलाई 1946 ई. में चुनाव हुए थे ।
    - संविधान सभा की पहली बैठक दिसंबर 1946 ई. को हुई थी।
    - इसके तत्काल बाद देश दो हिस्सों - भारत और पाकिस्तान में बँट गया ।
    - संविधान सभा भी दो हिस्सों में बँट गई - भारत की संविधान सभा और पाकिस्तान की संविधान सभा ।
- भारत का संविधान लिखने वाली सभा में 299 सदस्य थे, जिन्होंने 26 नवम्बर 1949 ई. में अपना कार्य पूरा कर लिया ।

- प्रारूप कमेटी के अध्यक्ष डॉ भीम राव अंबेडकर ने चर्चा के लिए संविधान का एक प्रारूप बनाया।
- संविधान कि प्रत्येक धारा पर कई दौर में विस्तृत चर्चा की गई। लगभग 2000 से ज्यादा संशोधनों पर विचार किया गया।
- तीन वर्षों में कुल 114 दिनों की गंभीर चर्चा हुई। और उन चर्चाओं को रिकॉर्ड भी किया गया और उस पर चर्चा किया गया। इन्हें कांस्टीट्यूएंट असेम्बली डिबेट्स (Constituent Assembly Debates) नाम से बारह मोटे-मोटे खंडों में प्रकाशित किया गया। इन्हीं बहसों से ही हम हर प्रावधान के पीछे की सोंच और तर्क को समझ सकते हैं।
- 26 नवम्बर 1949 ई. भारत का संविधान पूरा हुआ एवं संविधान सभा द्वारा शपथ लिया गया।
- भारतीय संविधान लागू :- 26 जनवरी 1950 ई. को संविधान लागू हुआ।
- भारतीय संविधान की विशेषताएँ : संघीय सरकार, संसदात्मक सरकार, प्रभुत्व संपन्न लोकतान्त्रिक राज्य, पंथनिरपेक्ष राज्य, नागरिकों के मौलिक अधिकार, स्वतंत्र और निष्पक्ष न्यायपालिका, राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांत।
- संविधान संशोधन : देश के सर्वोच्च विधायी संस्था द्वारा उस देश के संविधान में किए जाने वाले बदलाव को संविधान संशोधन कहते है।
- संविधान का दर्शन :-
  - संविधान की शुरुआत बुनियादी मूल्यों की एक छोटी उद्देशिका के साथ होती है। इसे संविधान की प्रस्तावना या उद्देशिका कहते हैं, जिससे पूरे संविधान का निर्माण हुआ है।
  - जिन मूल्यों ने स्वतन्त्रता संग्राम की प्रेरणा दी और उसे दिशा निर्देश दिये तथा जो इस क्रम में जांच-परख लिए गए, वे ही भारतीय लोकतंत्र का आधार बना । भारतीय संविधान की प्रस्तावना में इन्हें शामिल किया गया । इसके सहारे परखा जा सकता है कि कौन कानून, कौन फैसला, अच्छा या बुरा है । इसमें भारतीय संविधान की आत्मा बसती है ।
- भारतीय संविधान का पथ प्रदर्शक करने वाले शब्द :-
  - पंथ निरपेक्ष:- नागरिकों को किसी भी धर्म को मानने की पूरी स्वतंत्रता है लेकिन कोई धर्म अधिकारिक नहीं है। सरकार सभी धर्मो का बराबर सम्मान करती है।
- गणराज्य:- शासन का प्रमुख लोगों द्वारा चुना हुआ व्यक्ति होगा, न किसी वंश विशेष या राज खानदान का।
- लोकतंत्रात्मक:- सरकार का एक ऐसा स्वरूप जिसमें लोगों को समान राजनैतिक अधिकार प्राप्त रहते हैं। लोग अपना शासक का चुनाव करते है, वह जवाबदेह होता है। और बुनियादी नियमों के अनुरूप चलती है।
  - समता : कानून के समक्ष सभी लोग बराबर हैं।
  - बंधुता: हम सब ऐसा आचरण करें, जैसा कि एक परिवार के सदस्य हों। कोई भी नागरिक किसी दूसरे नागरिक को अपने से कमतर न माने।

## बहुविकल्पीय प्रश्न

**1. नेल्सन मंडेला ने किस देश को स्वतंत्र करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया?**

a. दक्षिण अफ्रीका b. केन्या
c. नाइजीरिया d. सीरिया

**2. नेल्सन मंडेला को गोरों की सरकार ने कब जेल में डाला?**

a. 1960ई. b. 1964ई.
c. 1968ई. d. 1972ई.

**3. नेल्सन मंडेला को आजीवन कारावास की सजा क्यों दी गई?**

a. अश्वेतों को प्रभुत्व बढ़ाने के लिए।
b. अपने को राष्ट्रपति घोषित करने के लिए ।
c. रंगभेद से चलने वाली शासन व्यवस्था का विरोध करने के लिए।
d. इनमें से कोई नहीं।।

**4. नेल्सन मंडेला के साथ कितने अन्य नेताओं को आजीवन कारावास की सजा दी गई थी ?**

a. सात b. पांच
c. आठ d. दस

**5. नेल्सन मंडेला कितने वर्षो तक जेल में रहे ?**

a. 10 वर्ष b. 18 वर्ष
c. 25 वर्ष d. 28 वर्ष'

**6. नेल्सन मंडेला को किस द्वीप में कैद किया गया था ?**

a. अंडामन-निकोवार b. रोब्बेन द्वीप
c. लक्ष्यद्वीप d. सेंट हेलेना द्वीप

**7. दक्षिण अफ्रीका में अश्वेतों की आबादी कितनी है?**

a. एक चौथाई
b. कुल आबादी आधा
c. तीन-चौथाई
d. आबादी का दसवां हिस्सा

**8. अश्वेत, रंगीन चमड़ी वाले और भारतीय मूल के लोगों ने, रंगभेद प्रणाली के खिलाफ संघर्ष कब से शुरू किया?**

a. 1920 ई. b. 1930ई.
c. 1940ई. d. 1950ई.

**9. कौन-सी राजनीतिक पार्टी के नेतृत्व में अफ्रीकी लोगों ने रंगभेद प्रणाली का बिरोध किया ?**

a. अफ्रीकी नेशनल कांग्रेस
b. कांग्रेस पार्टी
c. डेमोक्रेटिक पार्टी
d. लेवर पार्टी

**10. 'द लॉन्ग वॉक टू फ्रीडम' किस महान नेता की आत्म-कथा है?**

a. महात्मा गाँधी b. नेल्सन मंडेला
c. बराक ओबामा d. नेहरू

**11. दक्षिण अफ्रीका गोरों के शासन से कब स्वतंत्र हुआ ?**